# ओडीओपी उत्पाद लोगों को लुभा रहे

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

आईएनए दिल्ली हाट में लगाई गई ओडीओपी प्रदर्शनी में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। दिल्ली वालों को राज्य के शिल्पियों, कारीगरों द्वारा बनाए गए ओडीओपी उत्पाद दिल्ली वालों को आकर्षित कर रहे हैं। लखनऊ की चिकनकारी और हैंडीक्राफ्ट की अच्छी बिक्री हो रही है।

शनिवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने इस प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। स्टाल लगाने वाले कारीगरों व दुकानदारों से मुलाकात कर उनके उत्पादों की बिक्री और सुविधाओं के बाबत मालूमात हासिल की। स्टाल लगाने वालों ने ओडीओपी द्वारा दिए गए इस प्लेटफार्म के लिए प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।




एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने शनिवार को नई दिल्ली में चल रही ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

दिल्ली हाट में ओडीओपी के उत्पादों के 118 स्टाल लगाए गए हैं। सहगल ने बताया है कि विभाग की ओर से सभी कारीगरों के रहने व खाने की व्यवस्था की गई है। प्रदर्शनी में आने वाले लोगों को यूपी के ओडीओपी पसंद आ रहे हैं। स्टॉलों से 35 लाख रुपये का सामान बिक चुका है।